वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0/डी0एस0डब्लू/192/2025–26 अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध दिनांक : 19.07.2025

आवश्यक सूचना

1–दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2025–26 में छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भरने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि छात्रवृत्ति आवेदन फार्म पूरित करने से पूर्व स्कालरशिप की वेबसाइट **https://scholarship.up.gov.in** पर **OTR** (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) अनिवार्य कर दिया गया है। सभी छात्र/छात्राएं पहले **OTR** (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) करें, उसके पश्चात ही छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे।

2–दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2025–26 में छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भरने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का प्रेषण आधार कार्ड बेस्ड होगा।

छात्रवृत्ति आवेदन करने वाले सभी छात्र/छात्रा अपने सम्बन्धित बैंक में जाकर अपना बैंक खाता **NPCI Mapper** पर **Map** अवश्य करा लें अन्यथा की स्थिति में छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

19.07.2025

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–

1–समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने संकाय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।
2–निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4–उप कुलसचिव, छात्रवृत्ति के सूचनार्थ।
5–वेब प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वेब–साइट पर अविलम्ब अपलोड करने का कष्ट करें।
6–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण